दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 सितम्बर 2016

सैयद एहतेशाम हसनैन बने जामिया हमदर्द के कुलपति

जासं, नई दिल्ली : हैदराबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और वैज्ञानिक डॉ. सैयद एहतेशाम हसनैन को जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को उन्होंने अपना पदभार संभाला। जामियां के रजिस्ट्रार से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. सैयद एहतेशाम हसनैन यूजीसी के निर्देश के अनुसार पांच साल या सेवानिवृत्ति की अवधि जो पहले हो तक कुलपति बने रहेंगें। इससे पहले वे आइआइटी दिल्ली के कुसुमा स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज में बतौर प्रोफेसर अपनी सेवा दे रहे थे। वे दिल्ली विश्वविद्यालय में भी पढ़ा चुके हैं और इन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. सैयद एहतेशाम हसनैन